# 'आख्या एनसीसी  जुलाई 2022 से जून 23'

युवा नेतृत्व के निर्माण, राष्ट्रीय एकीकरण के प्रसार, सामाजिक जागरुकता और सशस्त्र क्षेत्रों में बालिकाओं के लिए रोजगार के अवसरों की संभावनाओं के दृष्टिगत् शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ की एनसीसी इकाई प्राचार्य डा. अंजू सिंह के संरक्षण, 22 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, मेरठ के कमांडिंग आफिसर कर्नल महेश चौहान के दिशा निर्देशन और यूनिट एनसीसी अधिकारी लैफ्टिनेंट (प्रो.) लता कुमार के नेतृत्व में 55 कैडेट्स के साथ एनसीसी इकाई महाविद्यालय में निरंतर सक्रिय है। नियमित प्रशिक्षण प्राठ्यक्रम, प्रशिक्षण शिविरों में सहभागिता के साथ विभिन्न सामाजिक व जनउपयोगी कार्यों में सहभागिता करती रही है। सत्र के दौरान इकाई द्वारा निम्न आयोजन किए गए–

दि 07.07.2022 को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम मे 01 जुलाई 2022 से 07 जुलाई 2022 तक वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स द्वारा अपने आवासीय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में आम, अमरुद, आंवला, जामुन, पपीता, सहजन, शीशम, सागौन, अमलतास, बिल्वपत्र जैसे अनेक छायादार और फलदार कुल 50 पौधों का रोपण किया। दि 16.07.2022 को शासन की मंशानुरूप भूजल संरक्षण अभियान के एनसीसी, मेरठ महाविद्यालय की छात्राओं हेतु एक ऑनलाइन शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे लैफ्टि० डा० लता कुमार एनसीसी की 40 कैडेट्स ने ऑनलाइन भूजल शपथ ग्रहण की तथा भारत सरकार के एप पर जल संरक्षण शपथ के अंतर्गत 'कैच द रैन' के प्रमाण पत्र प्राप्त किये। दि. 17.07.2022 को भूजल संरक्षण अभियान के अंतर्गत कैडेट्स ने अपने घर के आस पास लोगों को एकत्र कर पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से भूमिगत जल के संरक्षण और वर्षा जल के संचयन की आवश्यकता पर लोगों से चर्चा की और उन्हें भूमिगत जल को बचाने, भावी जल संकट और वर्षा जल के संचय की जानकारी दी। कैडेट्स ने जागरूकता हेतु जगह जगह पोस्टर भी लगाए। मिशन में 20 कैडेट्स ने सहभागिता की। दि. 22.07.2022 को भू जल संरक्षण जागरूकता हेतु 'भू–जल संरक्षण की आवश्यकता और उपाय' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कैडेट्स ने तीन मिनट की वीडियो अपने विचारों के साथ शेयर की। आयोजन में 20 कैडेट्स ने सहभागिता की। दि० 26.07.2022 को एन०सी०सी० इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में 30 कैडेटस ने प्रतिभाग किया। ऑनलाइन व्याख्यान और कविता वाचन प्रतियोगिता में मुख्य वक्ता डा. अनीता गोस्वामी उपस्थित रहीं। व्याख्यान में 30 कैडेटस ने प्रतिभागिता की। देशभक्ति कविता प्रतियोगिता में कारगिल विजय स्मृतियां और शहादत आधारित कविता पाठ में 10 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया।

दि० 09.08.2022 को 'काकोरी ट्रेन एक्शन' की वर्षगाँठ पर एक ऑनलाइन व्याख्यान और परिचर्चा का आयोजन किया गया। एनसीसी अधिकारी लैफ्टिनेंट लता कुमार ने काकोरी घटना का विस्तृत इतिहास बताते हुए काकोरी घटना का नामकरण 'काकोरी कांड' से' काकोरी ट्रेन एक्शन' करने पर भी चर्चा की। ऑनलाइन कार्यक्रम में 30 कैडेटस ने प्रतिभागिता की। दि. 11.08.2022 को स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य ''हर घर तिरंगा'' अभियान के तहत एन०सी०सी० इकाई द्वारा सैनिकों के लिए राखी निर्मित कर बटालियन भेजी गई। इस अवसर पर 22 यूपी गर्ल्स बटालियन मेरठ द्वारा महाविद्यालय एनसीसी इकाई को 35 तिरंगा भेंट किए गए। जिनको कैडेट्स को हर घर तिरंगा अभियान हेतु वितरित किया गया। दिनांक 11.08.2022 को ''हर घर तिरंगा''  अभियान के तहत कैडेट्स द्वारा अपने घरों पर तिरंगा फहरा कर उनकी सेल्फी लेकर भेजी गई। दिनांक 13.08.2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दि. 11 अगस्त से 17 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य ''हर घर तिरंगा''  अभियान के तहत एनसीसी इकाई द्वारा आयोजित सम्मान समारोह मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया। आयोजन में 36 कैडेट्स ने प्रतिभागिता की। दि. 13.08.2022 को ''हर घर तिरंगा'' अभियान के तहत क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मंडल के दिशा निर्देश के क्रम में एन०सी०सी० इकाई द्वारा ' भारत विभाजन विभीषिका स्मृति' दिवस पर भारत विभाजन की त्रासदी से जुडे हुए स्लोगन लिखकर उन दिनों को याद किया गया और विभाजन में जो लोग मृत्यु को प्राप्त हुए थे उन सभी को एक मिनट मौन रखकर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मौन जुलूस में सहभागिता की तथा विभाजन की विभीषिका से जुडे हुए तथ्यों की एक चित्र प्रदर्शनी भी प्रस्तुत की। आयोजन में 35 कैडेट्स ने सहभागिता की आयोजन किए गए। दि. 15.08.2022 को आजादी की 75वीं वर्षगाँठ पर एनसीसी इकाई द्वारा प्रातः 6:00 बजे माधवपुरम में प्रभातफेरी निकाली गई। साथ ही श्रीमती ममता मित्तल, अध्यक्ष महिला सशक्तिकरण संस्था के सौजन्य से हर घर तिरंगे का वितरण किया गया। महाविद्यालय ध्वजारोहण कार्यक्रम मे कैडेट्स द्वारा मार्च पास्ट कर ध्वज को सलामी दी। कैडेट्स ने महाविद्यालय में वृहत तिरंगे का स्थापन कर स्वतंत्रता संग्राम के निडर नायक बीडी उर्फ लंदन तोड के परिजनों

शिविर–चतुर्थ (एडवांस लीडरशिप कैंप) में प्रतिभाग किया। कैडेट द्वारा शिविर के दौरान नेतृत्व के सभी महत्वपूर्ण पक्षों का प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

दि० 15 जनवरी, 2023 को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारतीय थल सेना दिवस मनाया गया। कैडेट्स ने थल सेना के पराक्रम पर आधारित स्लोगन निर्मित किए और पोस्टर भी बनाये। कैडेट्स ने गूगल मीट पर आयोजित बैठक में भारतीय सेना के शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा अपने विचार प्रकट किए। कैडेटस ने ओजपूर्ण कविताओं की प्रस्तुति भी की। आयोजन में पुरातन कैडेट्स ने भी प्रतिभाग किया। दि 21.01.2023 को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता में कैडेट्स ने 'सड़क सुरक्षा हेतु ध्यान देने योग्य सावधानियां' विषय पर निबंध लिख अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में 19 कैडेट ने प्रतिभागिता की। दि. 23.01.2023 को पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता समिति के दिशा निर्देशन में एनसीसी इकाई ने महाविद्यालय परिसर के बाहर मानव श्रृंखला बनाते हुए लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया और सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ ली। दिनांक 25 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता तथा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मतदाता शपथ ग्रहण समारोह में एनसीसी इकाई ने सहभागिता की। दि. 26. 01.2023 को 74 वां गणतंत्र दिवस एनसीसी कैडेट्स ने सुंदर भावपूर्ण समूह नृत्य प्रस्तुत किया। श्रमदान व वृक्षारोपण किया गया। महाविद्यालय से प्रो. लता कुमार एवं डॉ जितेंद्र बालियान के निर्देशन में महाविद्यालय की एनसीसी, रेंजर्स एवं एनएसएस की छात्राओं ने पुलिस लाइन मेरठ में शासन के द्वारा निर्देशित रैली कार्यक्रम में प्रतिभागिता की। महाविद्यालय से एनसीसी अधिकारी लैफ्टिनेंट लता कुमार को शासन द्वारा प्रदेश स्तर पर उच्च शिक्षा सांस्कृतिक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया जिसके क्रम में महाविद्यालय एनसीसी इकाई व उच्च शिक्षा की अन्य संस्थाओं ने प्रशासन के भैंसाली मैदान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागिता की। दि० 28.01.2023 को कुष्ठ उन्मूलन दिवस के अवसर पर एक स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 16 कैडेट्स ने प्रतिभागिता की। लैफ्टिनेंट प्रो. लता कुमार ने कैडेट्स को बताया कि इस वर्ष विश्व कुष्ठ दिवस की थीम 'एक्ट नाउ, एंड लेप्रोसी' है। दि. 30.01.2023 को शहीद दिवस का आयोजन कर कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 20 कैडेट्स ने देशभक्ति आधारित कविताओं को लिखकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

दि 02.02.2023 को महाविद्यालय एनसीसी इकाई ने 22 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, मेरठ द्वारा कमांडिंग आफिसर कर्नल महेश चौहान के दिशा निर्देशन में आयोजित पुनीत सागर अभियान के तहत वेटलैंड दिवस में सहभागिता की। कैडेट्स द्वारा पर्यावरण और जल संरक्षण की शपथ के साथ महाविद्यालय एनसीसी अधिकारी लैफ्टिनेंट प्रो. लता कुमार ने बटालियन में वेटलैंड डे पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमें कैडेट्स को वेटलैंड डे की महत्ता बताते हुए आर्द्र भूमि की परिभाषा, इसके प्रकार, रामसर क्षेत्र और उसकी उपयोगिता तथा रामसर क्षेत्र के संरक्षण की चुनौतियों के साथ जल स्रोतों के संरक्षण में कैडेट्स की भूमिका का उल्लेख किया। इसके बाद वेटलैंड डे संरक्षण जागरूकता पर रैली में भी सहभागिता की। दि 25. 02.2023 को डीजी एनसीसी के निर्देश के क्रम में जी–20 अध्यक्षता के प्रति जागरुकता के क्रम में 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. भारती दीक्षित, अर्थशास्त्र विभाग उपस्थित रहीं। आयोजन में 30 कैडेट ने प्रतिभागिता की।

दि० 16 मार्च, 2023 को एनसीसी इकाई द्वारा 'श्री अन्न : स्वास्थ्य सुरक्षा, कृषि संवर्धन' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें डा. विनोद कुमार, पूर्व विभागाध्यक्ष–समाजशास्त्र, मेरठ कॉलेज, मेरठ मुख्य वक्ता रहे। श्री अन्न प्रदर्शन के लिए कैडेट रेखा और श्री अन्न पर प्रोजेक्ट के लिए सार्जेंट मीनू को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में 25 एनसीसी कैडेट सहित महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग से भी 25 छात्राओं सहित कुल 50 छात्राएँ उपस्थित रहीं। दि. 21.03.2023 को गौरेया बचाओ दिवस के अवसर पर कैडेट्स ने गौरैय्या के घोंसले निर्मित किए और गौरैया संरक्षण की शपथ ली। आयोजन में एनसीसी के 15 कैडेट्स ने सहभागिता की। दि. 22.03.2023 को एनसीसी इकाई द्वारा विश्व जल दिवस पर कैडेट्स ने सफेद गुब्बारो पर जल संरक्षण का संदेश लिखकर जागरुकता रैली निकाली। रैली में 20 कैडेट्स ने सहभागिता की।

दि. 22.04.2023 को एनसीसी इकाई द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पौधे रोपित कर तथा पृथ्वी संरक्षण के संकल्प के साथ

का अभिनंदन करते हुए महाविद्यालय में तिरंगे की भव्य और आकर्षक छवि चित्रित की जिसका उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डा. अंजू सिंह ने किया। भारतीय ध्वज की ऐतिहासिक यात्रा का प्रस्तुतीकरण कैडेट्स द्वारा स्वनिर्मित ध्वज के माध्यम से किया गया और प्राचार्य के समक्ष उसकी प्रस्तुति दी। साथ ही शासन के निर्देश के क्रम में तिरंगा सेल्फी पोईंट की स्थापना भी की जिसका शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डा. अंजू सिंह ने किया। महाविद्यालय समारोह में कैडेट्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता की गई। अंत में कैडेट्स ने प्राचार्य और एनसीसी अधिकारी के साथ वृक्षारोपण कर नीम, जामुन, पाकर और पिलखन के वृक्ष रोपित किए। समस्त कार्यक्रमों में 40 कैडेट्स एवं 08 पुरातन कैडेट्स ने सहभागिता की।

दि. 05.09.2022 को एनसीसी इकाई की ओर से शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। दि. 11.09.2022 स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत 'स्वच्छ समाज, स्वस्थ समाज' विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में 30 कैडेट्स ने प्रतिभागिता की। दि. 12.09.2022 को स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में 20 कैडेट्स ने 'स्वच्छ भारत अभियान' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। दि. 13.09.2022 को स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत कैडेट्स ने महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार परिसर स्वच्छता और सौंदर्यीकरण अभियान संचालित करते हुए स्वैच्छिक श्रमदान कर महाविद्यालय परिसर के अंदर सफाई की तथा सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान में 25 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। दि. 14.09.2022 को 'स्वच्छ भारत अभियान' विषय पर आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में 15 कैडेट्स ने प्रतिभागिता की। दि. 15.09.2022 को स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया रैली की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अंजू सिंह ने हरी झंडी दिखाकर की। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ प्रो. राजीव कुमार गुप्ता सहित महाविद्यालय प्राध्यापकों व 20 एनसीसी कैडेटस ने प्रतिभागिता की। दि.. 29.09.2022 को कैडेट्स ने सर्जिकल स्ट्राइक दिवस का स्मरण करते हुए पोस्टर के माध्यम से भारतीय सेना के प्रति सम्मान प्रकट किया। आयोजन में 40 कैडेटस उपस्थित रहे। इकाई द्वारा दि० 30.09.2022 को एनसीसी के नए सत्र 2022–23 के प्रथम वर्ष में चयन हेतु प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न की गई और 11 कैडेट्स का चयन किया गया।

दि. 01.10.2022 को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैडेट्स ने बुजुर्गों का सम्मान करने, उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने और उनकी सुरक्षा करने सम्बन्धी संदेशों को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में 12 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। एनसीसी इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन अंडर ऑफिसर खुशी शर्मा ने किया। दि. 01.10.2022 को इकाई द्वारा गांधी–शास्त्री जयंती के अवसर पर श्रमदान किया। दि. 03–22 अक्टूबर 2023 तक एनसीसी अधिकारी लैफ्टिनेंट लता कुमार ने ऑफीसर प्रशिक्षण अकादमी, ग्वालियर से एनसीसी पुनश्चर्या प्राठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया। दि. 31.10.2022 को एनसीसी इकाई द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया और राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कैडेट्स को सदैव देश सेवा करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता आधारित एक स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

नवंबर माह में नियमित प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। दि० 26 नवंबर 2022 को एन०सी०सी० दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कैडेट्स को संविधान संरक्षण की शपथ दिलाई। पर्यावरण संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में एनसीसी इकाई द्वारा पौधारोपण किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'भारतीय विरासत सप्ताह' के उपलक्ष्य में एक कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें कैडेट्स ने भारतीय प्राचीन मंदिरों पर कोलाज निर्मित किए। एनसीसी दिवस की पूर्व संध्या पर एनसीसी दिवस का शुभारंभ देशभक्ति नृत्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। महाविद्यालय प्राचार्य ने सत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडेट्स को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कैडेट्स द्वारा नवागत कैडेट्स को फ्रेशर पार्टी भी दी गई। कार्यक्रम का संचालन कैडेट आँचल ने किया।

दि. 06.12.2022 को एनसीसी इकाई द्वारा नागरिक सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 40 कैडेट्स ने प्रतिभागिता की। दि. 07.12.2022 को एनसीसी इकाई द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट्स ने इस दिन के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला तथा देशभक्ति गीत व कविताओं का वाचन किया और सैनिकों के परिजनों हेतु धनराशि एकत्रित की। 45 कैडेट्स ने प्रतिभागिता की। कैडेट लांस कॉरपोरल कु. अनु रानी ने 22 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, मेरठ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल महेश चौहान की संस्तुति पर मेरठ एनसीसी ग्रुप से प्रतिभाग करते हुए दि. 14.12.2022 से दि. 23.12.2022 तक आगरा में आयोजित उन्नत नेतृत्व

पोस्टर निर्मित कर उनके साथ सेल्फी प्रेषित की। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी अधिकारी लैफ्टि० प्रो. लता कुमार ने किया तथा विश्व पृथ्वी दिवस के आयोजन और महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पृथ्वी दिवस 2023 पर इस वर्ष की थीम है 'हमारे ग्रह में निवेश करें'। सभी को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए।

दि. 30.05.2023 को एनसीसी इकाई द्वारा लैफ्टि० प्रो. लता कुमार के संयोजन में  में स्वच्छ भारत अभियान और मिशन लाइफ के अंतर्गत स्थानीय प्रशासन और मिशिका सोसायटी के समन्वय से गगोल तीर्थ में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कैडेट्स ने गगोल तीर्थ के परिसर में प्लास्टिक कचरा एकत्र किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में कैडेट्स द्वारा स्वच्छता शपथ भी ली गई।

दि. 05.06.2023 को एनसीसी इकाई द्वाराएन०सी०सी० अधिकारी लैफ्टि० डा० लता कुमार के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिशन लाइफ के अंतर्गत 'लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट' विषय पर स्लोगन लेखन और पोस्टर निर्माण गतिविधि का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण आधारित विषय पर कैडेट्स ने जागरूकता संदेश देते हुए स्लोगन चित्रण किया और पर्यावरण संरक्षण की अपील की। कैडेट्स द्वारा अपने आवासीय परिसर में गमलों और आसपास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण भी किया गया और लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया गया। इस वर्ष के पर्यावरण दिवस की थीम 'प्लास्टिक प्रयोग को कम करना' है। कैडेट्स को इस दिशा में कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर कैडेट्स ने भारत सरकार के एप पर मिशन लाइफ के अंतर्गत 'लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट' की ऑनलाइन शपथ ग्रहण भी की। आयोजन में 15 कैडेट्स ने प्रतिभागिता की।

इसके अतिरिक्त एनसीसी इकाई द्वारा अंडर ऑफीसर सुश्री एवं एनसीसी सीनियर कैडेट के सक्रिय प्रयासों से विभिन्न अभियानों, राष्ट्रीय आयोजनों एवं समस्त महाविद्यालय स्तरीय आयोजनों में पूर्ण उत्साह से प्रतिभागिता की गई। समस्त आयोजन महाविद्यालय एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टि. (प्रो.) लता कुमार के नेतृत्व और संयोजन में किए गए।

लैफ्टिनेंट ( डा.) लता कुमार

एसोसियेट एनसीसी अधिकारी

प्राचार्य

प्राचार्य

[illegible] राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

[illegible]


1पीएल, 2/22 उप्र बालिका वाहिनी, एनसीसी
शमंपा राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्या
लय, मेरठ इकाई द्वारा एड्स जागरुकता।
अभियान दि. 01.12.2022

वृहद वृक्षारोपण अभियान दि. 07.07.2022, 1पीएल, 2/22
उ.प्र. बालिका वाहिनी एनसीसी, मेरठ
























1Pl, 2/22 UP Girls Bnn. NCC,
SMP Govt. Girls PG College, Meerut
NCC
विभाजन विभीषिका स्मृति
दिवस, मौन पदयात्रा, दि.
14.08.2022




वृहद वृक्षारोपण अभियान दि. 07.07.2022, 1पीएल, 2/22 उ.प्र. बालिका वाहिनी एनसीसी, मेरठ

चार मोटर साइकल पर सवार 10 व्यक्ति आते दिखाई दिये । जिन्हे थाना पुलिस ने रोका तो एक

का फायदा उठाकर भागने मे कामयाब रहे व अन्य तीन मोटर साईकिल सवार आठ व्यक्तियो को

शामिल है गिरफ्तार गि... सरधना क्षेत्र के रहने व...

# शहीद मंगल पांडे महिला महाविद्यालय में एनसीसी इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस का ऑनलाइन आयोजन कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि





मेरठ । मगलवार को शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातको० महिला महाविद्यालय, मेरठ की एन०सी०सी० इकाई द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 22 यूपी गर्ल्स बटालियन मेरठ के कमांडिंग आफिसर कर्नल पंकज साहनी तथा महाविद्यालय प्राचार्य डा० अंजू सिंह के सरक्षण तथा एनसीसी अधिकारी लैफ्टिनेंट ( डा० ) लता कुमार के नेतृत्व मे कारगिल विजय दिवस का आनलाइन आयोजन कर शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विविध कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कैडेट्स द्वारा कारगिल विजय और देशभक्ति आधारित पोस्टर्स का कैडेट्स ने निर्माण कर कारगिल शहीदो को कागज पर सुंदर रगो से उकेरा। पोस्टर प्रतियोगिता मे 30 कैडेटस ने प्रतिभाग किया। डा. मोनिका चौधरी और डा. शबीना परवीन निर्णायक रही । प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान कैडेट रितिका त्यागी, द्वितीय स्थान कैडेट उमा और तृतीय स्थान कैडेट खुशी मित्तल और कैडेट मीनू को प्राप्त हुआ। शाम को महाविद्यालय प्राचार्य जी की अध्यक्षता मे एक ऑनलाइन व्याख्यान और कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य वक्ता के रूप मे आजादी के अमृत महोत्सव की महाविद्यालय नोडल अधिकारी डा. अनिता गोस्वामी उपस्थित रही। डा. अनिता ने कैडेट्स को कारगिल युद्ध का इतिहास बताया और किस प्रकार हमारे सेनानियो ने अपने प्यार और परिवार का मोह त्याग कर देश के लिए कुर्बानी दी। महाविद्यालय प्राचार्य और जनपद नोडल अधिकारी डा. अंजू सिंह ने कारगिल शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की और कैडेट्स को राष्ट्र सेवा मे योगदान के लिए प्रेरित करते हुए कारगिल विजय के नायको का स्मरण किया। देशभक्ति कविता प्रतियोगिता मे कैडेट मीनू, कैडेट खुशी, कैडेट सलोनी वर्मा और कैडेट आँचल ने देशभक्ति आधारित ओजपूर्ण कविता का ऑनलाइन पाठ किया साथ ही कारगिल विजय स्मृतियां और शहादत आधारित कविता पाठ मे ... प्रतिभाग किया, आयो... विभाग से डा. मोनिक... शबीना परवीन तथा डा अ... सहभागिता की। ऑनलाइन ... ३० कैडेटस ने प्रतिभागिता की। समस्त कार्यक्रमो का आयोजन व संचालन एनसीसी अधिकारी और आजादी के अमृत महोत्सव की महाविद्यालय सहायक नोडल अधिकारी लैफ्टिनेंट ( डा० ) लता कुमार ने किया।

# 1Pl, 2/22 UP Girls Bnn. NCC, SMP Govt. Girls PG College, Meerut
















# 1Pl, 2/22 UP Girls Bnn. NCC,
# SMP Govt. Girls PG College, Meerut




आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार सम्मान समारोह दि. 13.08.2022

# कारगिल विजय स्मृति दिवस
# दि. 26.07.2022























## मेरठ कॉलेज और शहीद मंगलपांडे के बीच एमओयू हुआ साइन



मेरठ : शहीद मंगलपांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को समाजशास्त्र विभाग द्वारा परिषदीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम और एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह के संरक्षण मे मेरठ कॉलेज और शहीद मंगलपांडे कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा शैक्षणिक और शोध गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। जिसमें महाविद्यालय से समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. लता कुमार और मेरठ कॉलेज से प्रो. अजीत सिंह तोमर, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. लता कुमार और डा. मनीषा भूषण ने महाविद्यालय प्राचार्य का एक पुष्प गुच्छ से स्वागत और स्मृति चिह्न से अभिनंदन किया। एमओयू के तहत फैकल्टी चेंज के अंतर्गत एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। जिसका विषय था जाति एवं वर्ग अवधारणा और प्रासंगिकता। विषय पर वक्ता के रूप में प्रो. अजीत सिंह तोमर ने जाति और वर्ग की अवधारणा पर प्रकाश डाला। प्रो. तोमर ने बताया कि किस प्रकार से वर्तमान में जाति

Back JDJ 18-02-2023_2302...

घायल हो गए। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल का उपचार चल रहा है।

## परिषदीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम, एमओयू के तहत विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन



मेरठ । शुक्रवार 17 फरवरी को शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ में समाजशास्त्र विभाग द्वारा परिषदीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम और एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह के संरक्षण में मेरठ कॉलेज, मेरठ और श०मं०पा० राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ के समाजशास्त्र विभाग द्वारा शैक्षणिक और शोध गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया जिसमे महाविद्यालय से समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. लता कुमार और मेरठ कॉलेज, मेरठ से प्रो. अजीत सिंह तोमर, विभागाध्यक्ष-समाजशास्त्र विभाग ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. लता कुमार और डा. मनीषा भूषण ने महाविद्यालय प्राचार्य का एक पुष्प गुच्छ से स्वागत और स्मृति चिह्न से अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे के दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से प्राचार्य, मुख्य वक्ता, विभागीय प्राध्यापकों ने किया। एमओयू के तहत फ़ैकल्टी चेंज के अंतर्गत एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन भी किया गया, जिसका विषय था, 'जाति एवं वर्ग : अवधारणा और प्रासंगिकता'। विषय पर चर्चा हेतु विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रो. अजीत सिंह तोमर, विभागाध्यक्ष-समाजशास्त्र विभाग, मेरठ कॉलेज, मेरठ उपस्थित रहे जिनका समाजशास्त्र विभाग द्वारा एक पुष्प गुच्छ व स्मृति चिह्न से सम्मान किया गया।

Back PAGE 13 Dainik bhaskar...

## पुरस्कार वितरण एवं विशेषज्ञ व्याख्यान का हुआ आयोज



भास्कर ब्यूरो, मेरठ। शहीद मंगल पांडेय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय मे समाजशास्त्र विभाग द्वारा परिषदीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम और एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह के संरक्षण में मेरठ कॉलेज मेरठ और महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा शैक्षगिक और शोध गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया, जिसमें समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. [illegible] कुमार और मेरठ कॉलेज मेरठ से प्रो. अजीत सिंह तोमर ने एमओयू पर हस्ताक्षर कि

← Meerut city My City 18

## शहीद मंगल पांडे कॉलेज में हुआ व्याख्यान




विचार रखते प्रो. अजीत सिंह तोमर। अमर उजाला

मेरठ। शहीद मंगल पांडे महिला पीजी कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग ने परिषदीय पुरस्कार वितरण और विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह के संरक्षण में मेरठ कॉलेज और शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग ने शैक्षणिक और शोध गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए

## समाजशास्त्र विभाग द्वारा परिषदीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम और एमओयू के तहत विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

शाह ब्युलेटिन संवाददाता



मेरठ। श०मं०पा० राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ में समाजशास्त्र विभाग द्वारा परिषदीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम और एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह के संरक्षण में मेरठ कॉलेज, मेरठ और श०मं०पा० राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ के समाजशास्त्र विभाग द्वारा शैक्षणिक और शोध गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया जिसमे महाविद्यालय से समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. लता कुमार और [illegible]

अंतर्गत एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन भी किया गया, जिसका विषय था, 'जाति एवं वर्ग : अवधारणा और प्रासंगिकता'। विषय पर चर्चा हेतु विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रो. अजीत सिंह तोमर, विभागाध्यक्ष-समाजशास्त्र विभाग, मेरठ कॉलेज, मेरठ उपस्थित [illegible]

अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने की और समाजशास्त्र परिषद द्वारा मनोनीत पदाधिकारियों तथा विभागीय परिषद के द्वारा सत्र के अंतर्गत आयोजित मटकी सज्जा, निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान [illegible]

दैनिक आज का बुलेटिन

# श.मं.पा. राजकीय महाविद्यालय, मेरठ में भूजल संरक्षण अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

(आज का बुलेटिन)
अतुल माहेश्वरी

मेरठ। श०मं०पा० राजकीय पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने शासन के निर्देश के क्रम में भूजल संरक्षण अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह के और 22 यूपी गर्ल्स बटालियन, एनसीसी, मेरठ के कमांडिंग अधिकारी कर्नल पंकज सहानी के संरक्षण तथा लेफ्टि० डा० लता कुमार के नेतृत्व में भू जल संरक्षण जागरूकता पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्रीष्म अवकाश के चलते ऑनलाइन आयोजित इस प्रतियोगिता में कैडेट्स ने भू-जल संरक्षण की आवश्यकता और उपाय विषय पर तीन मिनट की वीडियो अपने विचारों के साथ शेयर की। साथ ही गूगल मीट पर आयोजित बैठक में अपने विचारों को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैडेट सपना सैनी, द्वितीय स्थान कॉर्पोरल शालिनी शर्मा तथा तृतीय स्थान कैडेट मीनू ने प्राप्त किया। कैडेट्स ने जल को बचाने के लिए अपने जीवन में जल के संतुलित उपयोग, जल को व्यर्थ न करना और जल बचाने के लिए दूसरे लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। प्रतियोगिता में कैडेट मधु तोमर, मीनू, प्रियंका, निशी कुमारी, ने भी प्रतिभाग कर अपने विचारों को प्रकट किया।

डा भारती शर्मा और डा विकास कुमार निर्णायक रहे।

कैडेट्स ने भूमिगत जल के संरक्षण और वर्षा जल के संचयन की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए भूमिगत जल को बचाने, भारी जल संकट और वर्षा जल के संचयन की जानकारी दी।




कैडेट्स ने जल संरक्षण हेतु आसपास के क्षेत्र के लोगों से सम्पर्क कर पेयजल को दूषित होने से बचाने, कचरे को नदियों व कुओं में नहीं डालने, घर के आँगन को कच्चा रखने, घर के बाहर सड़कों के किनारे कच्चे रखने या ढीले सहित पेवमेंट करने, पानी पीते समय गिलास को आधा भरने, मुख्य नल से पानी लेकर मंजन करने, नल खुला नहीं छोड़ने, बाल्टी में पानी लेकर मग से नहाने जैसी बातों पर चर्चा के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने कैडेट्स के विचारों की सराहना करते हुए उन्हें इस अभियान को निरंतर जारी रखने के लिए कहा। कार्यक्रम का आयोजन और संयोजन महाविद्यालय भू-जल संरक्षण अभियान प्रभारी व एनसीसी अधिकारी लेफ्टि० डा० लता कुमार ने कार्यक्रम का आयोजन किया तथा कैडेट्स को बधाई दी। साथ ही इस अभियान में संलग्न कैडेट्स की सराहना करते हुए, को इस अभियान में निरंतर कार्य करते रहने के निर्देश दिए, और कहा कि जल संरक्षण एक महायज्ञ है इसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है। एनसीसी कैडेट्स इस कार्य में जिम्मेदारी पूर्वक जागरूकता कार्य करते रहें।

आयोजन में कैडेट मीनू, प्रियंका, कैडेट सपना और कैडेट पूजा सहित 20 कैडेट्स ने सहभागिता की।

# नेशनल प्रेस टाइम्स

शनिवार, 23 जुलाई, 2022

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




## भूजल संरक्षण अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

एसटीजी न्यूज

मेरठ। इं०मे०फा० राजकीय पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने शासन के निर्देश के क्रम में भूजल संरक्षण अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डा. अंजू सिंह के और 22 यूपी गर्ल्स बटालियन, एनसीसी, मेरठ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज जावरी के संरक्षण तथा लेफ्टि० डॉ० लता कुमार के नेतृत्व में भू जल संरक्षण जागरूकता पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परीक्षा अवकाश के चलते ऑनलाइन आयोजित इस प्रतियोगिता में कैडेट्स ने 'भू-जल संरक्षण की आवश्यकता और उपाय' विषय पर तीन मिनट की वीडियो अपने विचारों के साथ भेजी थी। साथ ही गूगल मीट पर आयोजित बैठक में अपने विचारों को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैडेट तमन्ना सैनी, द्वितीय स्थान कोमलप्रीत रतनोठी वर्मा तथा तृतीय स्थान कैडेट मीनू ने प्राप्त किया। कैडेट्स ने जल को बचाने के लिए अपने जीवन में जल के संतुलित उपयोग, जल को व्यर्थ न करना और जल बचाने के लिए दूसरे लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया।



प्रतियोगिता में कैडेट मधु ओझा, मीनू, प्रियंका, शिवानी कुमारी, ने भी प्रतिभाग कर अपने विचारों को प्रकट किया। डा पारुल शर्मा और डा विकास कुमार निर्णायक रहे। कैडेट्स ने भूमिगत जल के संरक्षण और वर्षा जल के संचयन की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए भूमिगत जल को बचाने, वर्षा जल संकट और वर्षा जल के संचय की जानकारी दी। कैडेट्स ने जल संरक्षण हेतु आसपास के क्षेत्र के लोगों से सम्पर्क कर पेयजल को दूषित होने से बचाने, कचरे को नालियों व कुओं में नहीं डालने, घर के सामने की जगह रखने, घर के बाहर नालियों के किनारे कच्चे रखने या होल्स स्टोन पेवमेंट बनाने, पानी पीते समय गिलास को आधा भरने, सुबह ब्रश करते समय मग में पानी लेकर मंजन करने, नल खुला नहीं छोड़ने, बाल्टी में पानी लेकर मग से नहाने जैसी बातों पर चर्चा के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। महाविद्यालय प्राचार्य डा. अंजू सिंह ने कैडेट्स के विचारों की सराहना करते हुए उन्हें इस अभियान को निरंतर जारी रखने के लिए कहा। कार्यक्रम का आयोजन और संयोजन महाविद्यालय भू-जल संरक्षण अभियान प्रभारी व एनसीसी अधिकारी लेफ्टि० डॉ० लता कुमार ने कार्यक्रम का आयोजन किया तथा कैडेट्स को बधाई दी। साथ ही इस अभियान में संलग्न कैडेट्स की सराहना करते हुए भी इस अभियान में निरंतर कार्य करते रहने के निर्देश दिए और कहा कि जल संरक्षण एक महायज्ञ है इसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है। एनसीसी कैडेट्स इस कार्य में जिम्मेदारी पूर्वक जागरूकता कार्य करते रहीं। आयोजन में कैडेट मीनू, प्रियंका, कैडेट तमन्ना और कैडेट पूजा सहित 20 कैडेट्स ने सहभागिता की।

## डा. अंजू सिंह बनीं आजादी के अमृत महोत्सव की नोडल अधिकारी

एसटीजी न्यूज




मेरठ। इं०मे०फा० राजकीय पीजी कॉलेज, मेरठ में शासन की मंशानुरूप आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत दि. 11 अगस्त से 17 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता सप्ताह के रूप हर घर पर तिरंगा के कुशल संचालन हेतु डा. अंजू सिंह, प्राचार्य, इ.मे.फा. राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ को जनपद का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अभियान को सफल बनाने हेतु आज महाविद्यालय द्वारा एक वर्चुअल बैठक का आयोजन जनपद स्तर पर किया गया जिसमें जनपद मेरठ के समस्त शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों के आजादी का अमृत महोत्सव के नोडल अधिकारी, एनएसएस अधिकारी, एनसीसी अधिकारी रेंजर्स अधिकारियों ने सहभागिता की। इस बैठक में शासन के दिशा निर्देश के क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव की बैठक का शुभारंभ महाविद्यालय की सहायक नोडल अधिकारी डॉ लता कुमार ने समस्त आगन्तुकों के स्वागत से की। महाविद्यालय प्राचार्य डा. अंजू सिंह ने सभी को आयोजन में अपनी पूर्ण सहभागिता के लिए निर्देशित किया। महाविद्यालय के आजादी के अमृत महोत्सव की नोडल अधिकारी डॉ अर्चना सोनकर ने स्वतंत्रता सप्ताह और अगस्त 2022 से अगस्त 2023 तक मनाए जाने वाले आजादी के कार्यक्रमों की विस्तृत विवेचना करते हुए आगामी कार्ययोजना पटल के समक्ष की जिसमें सभी महाविद्यालयों द्वारा अपने अपने विचार प्रकट किए, गए और अपने आने वाले आयोजन व कार्यक्रमों में पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ सहयोग का विश्वास दिलाया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर [illegible] कुमार ने [illegible] में स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता को जनपद स्तर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया, साथ ही महाविद्यालय के निकटतम गाँवों को सुसज्जित करने, महाविद्यालय को रैलियों से सजाने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर करने, गाँव गाँव में लोगों को तिरंगा के प्रति जागरूक करने और तिरंगा फहराने, झंडा गीत को जन जन तक पहुँचाने तथा फ्लेक्सिंग के लिए प्रेरित करने की कार्य योजना बनाई गई है। इसमें जनपद के समस्त महाविद्यालय प्रतिभाग करेंगे। सूचना जनपद मेरठ के नोडल अधिकारी को प्रेषित करेंगे।

## विकास हॉलीडे में सांसद एवं विधायक गण का अभिनंदन समारोह कार्यक्रम आयोजित

## आजाद इंटरनेशनल स्कूल की टॉपर बनी क्षमा शर्मा

Heartiest Congratulations to our AISSE-2022 Topper